हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 14 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में इंडस स्कूल के खिलाड़ी... 10

बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने की कवायद 10


## खबर संक्षेप

### युवक पर लाठी और डंडो से किया हमला

**जींद।** युवक का रास्ता रोककर उस पर लाठी.डंडो से हमला कर दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस मामले में तीन को नामजद कर छह.सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर आठ निवासी कुनाल ने पुलिस को बताया कि दस अगस्त शाम को वह महाकाल सर्विस स्टेशन की तरफ गया हुआ था।

### बस से गिरकर युवती घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कस्बा राजौंद में एक को हरियाणा रोडवेज की बस से एक युवती को चोट लगने के मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रोहेड़ा के राम मेहर ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब उसकी बेटी पूजा बस से आ रही थी तो चालक ने राजौंद के सरकारी अस्पताल के पास बस स्टॉप पर बस नहीं रोकी।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 31 तक गतिविधियां

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों कार्यालयों और कार्यस्थलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए । कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, और नशा मुक्ति केंद्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशा मुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक संकल्प लिया।

### मकान से हजारों की नकदी और जेवर चोरी

**कैथल।** कस्बा सीवन से चोर एक मकान में घुसकर वहां पर रखे हजारों रुपए की नकदी तथा सोने व चांदी की जेवरात चुरा कर ले गए। सीवन की गुरमीत कौर ने सिवान पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अगस्त को चोर उसकी सीवन के बड़ी नहर के निकट डेरा स्थित उसके बेटे सुरेंद्र के मकान से 50000 की नकदी तथा सोने व चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए।

### 5 साल के लिए डोर टू डोर सफाई का टेंडर हुआ मंजूर

**नरवाना।** नरवाना नगर परिषद चेयरमैन मुकेश मिर्धा के अथक प्रयास से 5 साल के लिए डोर टू डोर सफाई का टेंडर हुआ मंजूर। इसके लिए मुकेश मिर्धा चेयरमैन नगर परिषद नरवाना ने मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनीए स्थानीय विधायकए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का उनके सहयोग के लिए कोटि.कोटि धन्यवाद किया।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज

**कैथल।** थाना शहर पुलिस ने एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में अर्जुन नगर कैथल के पवन कुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि की कपिल सैनी और उसकी पत्नी द्वारा उसके साले महेश शर्मा पर पैसे के लेनदेन को लेकर दबाव बनाया जिस कारण उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

### गांव सेरदा में मारपीट में महिला घायल, केस

**कैथल।** गांव सेरदा में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सेरदा की नारो ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 जून को गांव के ही राजेश, करनैल, सुमित्रा, विक्की और साहिल ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### अवैध देसी कट्टे सहित आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी को एक अवैध देसी कट्टे व एक कारतुस सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सी आई ए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई प्रदीप कुमार की टीम गस्त दौरान खनोरी बाईपास कैथल के पास मौजूद थी।

# रामचंद्र गुर्जर कैथल और हैबतपुर के सरपंच रिषीपाल बने जींद कांग्रेस जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रामचंद्र गुर्जर ढांड को कैथल का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद रामचंद्र ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, विपक्ष नेता राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद, सह प्रभारी जितेंद्र बघेल, और विशेष रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, विधायक आदित्य व सुदीप सुरजेवाला का हार्दिक आभार व्यक्त किया। रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि यह नियुक्ति उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने प्रतिबद्धता जताई कि वे कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दिन-रात काम करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों को हर गांव, हर घर तक ले जाया जाए और प्रदेश में पार्टी संगठन को और मजबूत किया जाए।


**कैथल।** सांसद रणदीप सुरजेवाला के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर।

#### गुर्जर समाज को साधने का प्रयास

बता दें कि कैथल जिला में गुर्जर समाज राजनीति में अहम भूमिका अदा करता रहा है। भाजपा द्वारा भी अशोक गुर्जर ढांड को लंबे समय तक जिलाध्यक्ष की कमान दी तथा बाद में मुनीष गुर्जर कठवाड को जिलाध्यक्ष बनाया गया था। यही नहीं कैथल से लीला राम गुर्जर भी दो बार विधायक रह चुके हैं तथा वर्तमान में उन्होंने आदित्य सुरजेवाला को करारी टक्कर दी थी। यही कारण है कि कांग्रेस ने रामचंद्र गुर्जर को अध्यक्ष बनाते गुर्जर समाज को साधने का प्रयास किया है।

बता दें कि रामचंद्र गुर्जर कस्बा ढांड के किसान परिवार से संबंध रखते हैं। करीब 55 वर्षीय रामचंद्र गुर्जर लंबे अरसे से राजनीति से जुडे हैं। वे 2022 से प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य हैं। उन्होंने राजनीति अपने विद्यार्थी काल से ही शुरू कर दी थी। उन्होंने सांसद सचिन पायलट के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की थी। तब से लेकर वे पार्टी को मजबूत बनने में जुटे थे। वे कन्या महाविद्यालय ढांड डडवाना के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। यह भी कहा कि लंबे अर्से के बाद बने कांग्रेस के संगठन अब हरियाणा में कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ जनता के मुद्दों को उठाएगी।

**जींद।** कांग्रेस हाईकमान ने मंगलवार देर शाम को हरियाणा के 32 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। इस सूची में जींद जिले की प्रधानी की कमान रिषीपाल सिहाग को सौंपी है। रिषीपाल सिहाग वर्तमान में हैबतपुर गांव के सरपंच हैं और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के खेमे से हैं। रिषीपाल शुरुआत से ही कांग्रेसी रहे हैं, जिसका फायदा उन्हें मिला है। रिषीपाल पहले 2013 के आसपास जींद ब्लॉक के प्रधान रह चुके हैं। शुरुआत से ही रिषीपाल हैबतपुर कांग्रेसी रहे हैं। जींद जिले से कांग्रेस प्रधान के लिए करीब 116 लोगों ने आवेदन किए थे। इसमें पूर्व विधायक, कांग्रेस से प्रत्याशी रह चुके नेता भी शामिल थे। आवेदन आने के बाद इनकी स्क्रूटनी की गई और छह-सात नाम फाइनल किए गए। इन नामों में दो नाम भूपेंद्र हुड्डा के गुट से, दो नाम रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा के ग्रुप से लिए गए। इसके बाद एक नाम चुनौती सा बना हुआ था। आखिरकार रिषीपाल हैबतपुर के नाम पर सहमति बनी और जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। वह भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा के अलावा सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और हिसार सांसद जयप्रकाश के भी नजदीकी माने जाते हैं।

#### पार्टी के लिए मिलकर काम करेंगे: रिषीपाल


जींद में जिला प्रधान की नियुक्त के बाद कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। पिछले दिनों युवा कांग्रेस का भी गठन कर दिया गया था। ऐसे में 2013-14 के बाद अब जींद में कांग्रेस का संगठन खड़ा हो गया है। बुधवार को रिषीपाल हैबतपुर ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सभी को साथ लेकर जनहित के मुद्दों को उठाने का काम करेंगे। उनकी जो भी ड्यूटी लगेगी, सभी कार्यकर्ताओं को साथ मिल कर उस ड्यूटी को पूरा करेंगे।


**जींद।** मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

# जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के आदेश तुरंत वापस लेने की मांग उठाई

- स्वास्थ्यकर्मियों ने विधायक एवं कैबिनेट मंत्री को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के आदेश को वापस लेने की मांग को लेकर बुधवार को नरवाना विधायक एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को स्वास्थ्यकर्मियों ने ज्ञापन सौंपा। मंत्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के पदाधिकारियों की भरोसा दिया। इस बारे मुख्यमंत्री से बात करके उचित समाधान निकाला जाएगा। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के राज्य प्रधान राममेहर वर्मा एवं हरियाणा सिविल डेंटल सर्विसिज एसोसिएशन के प्रधान डा. कपिल शर्मा की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मियों ने मंत्री को बताया कि गत आठ जुलाई को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के नेताओं ने राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के पदाधिकारियों को भरोसा दिया कि अधिकारियों से इस संबंध में बातचीत करके समस्या का समाधान निकाला जाएगा और जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के लिए किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बाध्य नही किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा दिए गए भरोसे के बावजूद कुछ अधिकारी लगातार जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के गैर कानूनी आदेशों को वापस लेने की बजाय अनाप-श्नाप पत्र जारी कर सरकार व स्वास्थ्य कर्मचारियों में टकराव पैदा करके स्वास्थ्य विभाग तथा सरकार को बदनाम करने की नाकाम कोशिश कर रहे है। आदेशों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्वक तरीके से आंदोलन करते हुए सभी विधायकों को ज्ञापन देकर स्वास्थ्य कर्मचारियों की भावनाओं को मुख्यमंत्री के सम्मुख एवं विधानसभा में रखने को अनुरोध कर रहे हैं।

### होटल, ढाबे, लॉज, धर्मशाला और वाहनों की सघन जांच की जा रही

# स्वतंत्रता दिवस समारोह : सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट

लावारिस वस्तु की सूचना बगैर देरी के पुलिस को दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह जिला में कैथल पुलिस लाइन, कलायत व गुहला में धूमधाम से मनाया जा रहा है। एसपी आस्था मोदी द्वारा जिला के सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते कहा कि इस अवसर पर जिला व ग्रामीण स्तर तक के सभी कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो, इसके लिए पुलिस द्वारा व्यापक बंदोबस्त किए गए है। आमजन सहित वीआईपी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है तथा इस अवसर पर आम लोगों के जान-माल की रक्षा हेतु अपराधी व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुलिस की चप्पे-चप्पे पर पैनी निगाह है। जिसके लिए पुलिस द्वारा व्यापक तौर पर समुचित सुरक्षा प्रबंध किए गए है। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि सभी थाना प्रबंधकों द्वारा सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर अपने अपने अधिकार क्षेत्र में पडने वाले सभी होटल, लॉज, धर्मशाला सहित अन्य धार्मिक स्थानों आदि की जांच करते हुए वहां पर ठहरे हुए लोगों की जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस दौरान पुलिस द्वारा होटल व धर्मशाला प्रबंधकों को उचित दिशा-निर्देश दिए गए है। पुलिस द्वारा होटल प्रबंधकों को किसी असामाजिक तत्व व संदिग्ध व्यक्ति के होटल में ठहरने पर पुलिस को तुरंत सूचित करने की हिदायत दी गई। एसपी ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन कैथल में किया जाएगा। इस समारोह में शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी जाएगी, परेड का नेतृत्व डीएसपी ललित कुमार करेगें। समारोह स्थल पर क्यू.आर.टी. स्ट्राइंकिंग रिजर्व, लिफ्टिंग पार्टी, बंब डिस्पोजल सहित विभिन्न टीमें तैनात रहेगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुरक्षा के दृष्टिगत करीब 600 कर्मचारी-अधिकारी विभिन्न बिंदुओं पर ड्यूटी करेगें। शहर व समीपवर्ती क्षेत्र में विशेष बिंदुओं पर स्पेशल नाकाबंदी करके वाहनों की गहन से जांच की जा रही है। इस दौरान शहर क्षेत्र में राइडर भिन्न-भिन्न रुटों पर निरंतर गश्त करेंगे, जिनकी लावारिश गाडी, रिक्शा, मोटर साइकिल व अन्य वाहन तथा ताजी खुदी हुई मिट्टी पर पैनी नजर रहेगी। एसपी ने आमजन से भी अपील करते कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल, धर्मशाला आदि में ठहरने का पता चले या किसी भी लावारिस वस्तु की सूचना बिना किसी देरी के किसी भी माध्यम से पुलिस को दे। एसपी ने कहा कि समारोह को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने में आमजन अपना सहयोग दें। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी द्वारा कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल दौरान पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को सतर्क होकर ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा सभी को ड्यूटियों बारे बारीकी से समझाया। एसपी ने असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी देते कहा कि किसी भी गैर कानूनी हरकत को अंजाम देने की कोशिश भी न करे अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जींद में जीआरपी ने प्लेटफार्म और रेलगाड़ियों में जांची व्यवस्था


**जींद।** रेलवे जंक्शन पर सर्च अभियान चलाए पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

#### जींद रेलवे जंक्शन पर बढ़ाई सुरक्षा

**जींद।** राजकीय रेलवे पुलिस ने एसपी नीतिका गहलोत के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस पर रेलवे जंक्शन की सुरक्षा बढ़ा दी है। बुधवार को जीआरपी और आरपीएफ ने डॉग स्क्वायड के साथ रेलवे जंक्शन पर चेकिंग अभियान चलाया। बुधवार को जीआरपी और आरपीएफ ने प्रभारी चरण सिंह के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड के साथ रेलवे जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था जांची। पुलिस ने यार्ड, जंक्शन भवन, प्लेटफार्म, पार्किंग स्थल और आसपास खाली पड़ी जमीन पर भी तलाशी ली गई। उन्होंने यात्रियों और उनके सामान को भी चैक किया। हालांकि कहीं पर भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने यात्रियों के सामान को भी चैक किया। उन्होंने यात्रियों को हिदायत भी दी कि यदि प्लेटफार्म या ट्रेन में कोई लावारिस या कोई संदिग्ध सामान दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस अवसर पर आरपीएफ से कुलदीप, हरिओम, अशोक, आशु मलिक, पवन, जिले सिंह भी मौजूद रहे।

# छात्र संगठनों ने सीआरएसयू का गेट बंद किया, धरना देकर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि में छात्रों को न्याय नहीं मिलने के आरोपों को लेकर मंगलवार को छात्र संगठनों किसान छात्र एकता संगठन, नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया, अखिल भारतीय विधार्थी परिषद ने एकजुट होकर विवि मुख्य गेट बंद कर दिया और धरना दिया। छात्र नेता सुमित लाठर, जयदीप सिंधु, नवीन कुंडू, रोहन सैनी, सारंग ढाठरथ ने आरोप लगाया कि दो माह पहले फाइन आट्र्स विभाग के एक प्रोफेसर द्वारा बाहरी गुंडों से डराने व धमकाने और मानसिक उत्पीड़न की घटना के बावजूद प्रशासन ने कार्रवाई करने के बजाय शिकायत को दबाने की कोशिश की। अभिषेक जुलाना, युवराज, आशीष मलिकए, राहुल, रविंद्र ढुल के अनुसार मामले में कुलसचिव और विभागाध्यक्ष को कई बार शिकायत दी पर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद मजबूरन सभी छात्र संगठनों ने एकजुट होकर विवि गेट बंद कर दिया। गेट बंद करने के बाद गुस्साए छात्रों ने कुलपति कार्यालय के बाहर पुतला फूंक कर आक्रोश जताया। धरने की सूचना पर प्रोक्टर प्रो. कुलदीप नारा, रैपिड एक्शन कमेटी सदस्य डा. अनुपम भाटिया और चेयरपर्सन डा. जसवीर सूरा मौके पर पहुंचे। बाद में कुलपति के साथ छात्रों की मीटिंग के आश्वासन के बाद गेट खोला गया।


गेट के बाहर पुतला फूंकते हुए छात्र।

# एनएचएम कर्मियों ने दो घंटे किया काम का बहिष्कार

- एनएचएम कर्मियों को सोची समझी दुर्भावना का बनाया जा रहा शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जींद सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अलेवा ने बुधवार को एनएचएम कर्मचारियों की दो घंटे के कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए राजेश अलेवा ने बताया कि पिछले कई वर्षो से एनएचएम कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

पिछले पांच सालों से कोई भी ऐसा कार्य व आदेश एनएचएम कर्मचारियों के लिए विभाग द्वारा जारी नहीं किया गया है जिससे राज्य स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को लाभ हो। इसके विपरीत एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को पूरा करना तो दूर दिन प्रतिदिन कर्मचारी विरोधी पत्र विभाग द्वारा जारी किए जा रहे हैं। जिससे हरियाणा प्रदेश के समस्त एनएचएम कर्मचारियों में विभाग के प्रति रोष व निराशा है। एक तरफ तो हरियाणा सरकार आए दिन हरियाणा प्रदेश की जनता को नए लाभ दे रही है। दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे एनएचएम कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। जोकि न्यायोचित नही है और मानवीय मूल्यों के भी विरूद्ध है। एनएचएम नेत्री मंजू ने कहा कि मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा द्वारा लागू सेवा नियमों को 26 जून 2024 से पूरी तरह फ्रीज कर दिया गया है। कर्मचारियों के पांच वर्ष और 10 वर्ष के ऊपर मिलने वाले लाभों को रोक दिया है और जिनको 26 जून 2024 के बाद वेतन वृद्धि मिली थीए उसको वापिस ले लिया है। सेवा नियमों की पालना नहीं की जा रही और जॉब के समय दिए गए इश्तहार की शर्तो की अनुपालना विभाग द्वारा नहीं की जा रही है। साल 2024.25 में एनएचएम कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि जो कि जुलाई 2024 में दी गई थी, विभाग द्वारा वापस छीन ली गई है।


**जींद।** काम का बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कतरे। *फोटो :हरिभूमि*

### कार्यक्रम में कुल 1939 लाभार्थियों का किया चयन

# प्रजापति समाज को पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेशभर में बुधवार को प्रजापति समाज के परिवारों को उनके पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिला कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को कुम्हारान भूमि के प्रमाण पत्र वितरण कर ग्रामवासियों को लाभांवित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज अपनी कला और परिश्रम के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वे मिट्टी के बर्तन, दीपक और अन्य उपयोगी एवं सजावटी सामग्री बना कर हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं। उनकी यह कारीगरी स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करती है और साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा करती है। डीडीपीओ संदीप भारद्वाज ने बताया कि सर्वेक्षण के उपरांत योग्य लाभार्थियों की सूची के अनुसार जिले के कुल 78 गांवों से 1939 लाभार्थी चयनित किए हैं। जिनमें 1426 पुरुष और 513 महिलाएं शामिल हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों के 11 गांवों से चयनित 56 लाभार्थी उपस्थित थे। जिनमें 41 पुरुष और 15 महिलाएं शामिल हैं। बताया कि कार्यक्रम में कुम्हारान भूमि वितरण के तहत जींद ब्लॉक के बिशनपुरा गांव के लाभार्थियों में धर्म सिंह, गजे सिंह, मूर्ति, नंदराम, रामा देवी, सूरजभान, गांव झांझ कलां से बाला देवी, पिंकी देवी, रामरती, संदीप कुमार, सतीश कुमार, सावित्री देवी, पिंडारा गांव से कलावती, कमला सहित अनेक लाभार्थी शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभी बीडीपीओ और ग्राम सचिव भी लाभार्थियों के साथ उपस्थित रहे।


**जींद।** लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*



**पाई ।** सोसायटी में नारेबाजी करते किसान। *फोटो :हरिभूमि*

#### खाद की किल्लत पर जमकर नारेबाजी की

**पाई।** पाई के किसानों ने कहा कि जब पाई की सोसाइटी में उनके लिए खाद आता ही नही तो यह किसानों के किस काम की, इससे अच्छा है कि इसको ताला ही क्यों न लगा दिया जाये। किसान महावीर, राजबीर, महेंद्र, धोनी सिंह, राम मेहरआदि ने बताया कि व जनवरी गेहूं के सीजन से खाद के लिए पाई सोसाइटी के चक्कर काट रहे है। किसानों को न तो गेहूं के सीजन में खाद दिया गया और न ही अब धान के इस सीजन में खाद दिया जा रहा है। वे हर रोज सोसाइटी के चक्कर काट कर थक गये है, परन्तु उनको खाद नही दिया जा रहा। उन्को यहां आने पर सीधा रटा रटाया जवाब मिलता की अभी तक खाद आया ही नही। उन्होंने यह भी बताया कि उनको यह भी सुचना मिली है कि इस सोसइटी में लगभग 10 करोड़ का खाद आ चुका है, परन्तु किसानों को देने की बजाये, उसको पता नही कहां दिया गया। इसकी जांच होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि दुकानों पर खाद ब्लैक में बिकता है।

## खबर संक्षेप

### शहर को बेसहारा पशु फ्री बनाने के लिए अभियान शुरू

जींद। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने की दिशा में सफीदों शहर में मिशन मोड से बेसहारा पशुमुक्त अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत शहरी क्षेत्र में घूम रहे सभी बेसहारा पशुओं की पहचान की जाएगी, उन्हें टैग किया जाएगा व विधिवत दस्तावेजीकरण किया जाएगा।

### स्कूल से मिड डे मील का सामान और बर्तन चोरी

जींद। जुलाना थाना क्षेत्र के गांव किलाजफरगढ़ के राजकीय प्राथमिक पाठशाला से अज्ञात लोग चावल, गेहूं की आठ बोरी और सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। मुख्य शिक्षक नीतू मलिक ने पुलिस एफआईआर में बताया कि 11 अगस्त रात को स्कूल से चोरों ने मिड डे मील का राशन और बर्तन चोरी कर लिए।

### महिला से छेड़छाड़ दुष्कर्म का प्रयास

जींद। नरवाना खंड के गढ़ी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ करनेए, दुष्कर्म का प्रयास करने पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गढ़ी थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 को दुकान पर सामान लेने के लिए जा रही थी। सामान लेकर घर जाने लगी तो गांव का ही संदीप शराब के नशे में धुत हुआ गली में खड़ा था। जब वह गुजर रही थी।

### शादी का झांसा देकर महिला का यौन शोषण

जींद। शादी का झांसा देकर महिला का यौन शोषण करने तथा घर में न घुसने देने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ यौन शोषण करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भिवानी में विवाहित थी।

### जियो फेसिंग हाजिरी व्यवस्था का विरोध तेज

जींद। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी हरियाणा की एक जूम बैठक के बाद बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मीला ने कहा कि जियो फेसिंग के विरोध में आंदोलन तेज किया जा रहा है। शर्मिला ने बताया कि हरियाणा सरकार स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के अधिकारियों व कर्मचारियों पर जबरन एक निजी ऐप से लोकेशन आधारित हाजिरी व्यवस्था थोंप रही है।

### विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

जींद। आधारशिला स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें लगभग 500 विद्यार्थियों और अध्यापकों ने शिरकत की। शहर के मुख्य चौराहों से होते हुए छात्रों ने पूरे शहर के वातावरण को जय हिन्द व वंदे मातरम के उदघोषों से गुंजायमान कर दिया। विद्यालय की निदेशक अंजू सिहाग ने अपने वक्तव्य में बताया कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान है।

### डा. कृष्ण आयुष मेडिकल आफिसर्स एसो.के प्रधान बने

जींद। जिला जींद में कार्यरत सभी आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों की सहमति के अनुसार आयुष मेडिकल ऑफिसर्स एसो जींद का दोबारा से गठन किया गया। इसमें डा. कृष्ण कुमार को प्रधान, डा. भारत कौशिक को उप प्रधान, डा. महेंद्र सिंह को महासचिव, डा. दीप्ति को कोषाध्यक्ष, डा. कुसुम को सहसचिव एवं डा. योगेश कुमार को प्रवक्ता चुना गया।

### पर्यावरण प्रतियोगिता के लिए 21 तक पंजीकरण

जींद। छोटू राम किसान कालेज में पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में अभियान को सफल बनाने के लिए व विद्यार्थियों द्वारा बढ़.चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय विद्यार्थी पर्यावरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### विजेता बच्चों को सम्मानित किया

# ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में इंडस स्कूल के खिलाड़ी छाए

## खेलों से आत्मविश्वास, एकाग्रता और मेलजोल की भावना को बढ़ावाः निदेशक

### नेटबाल प्रतियोगिता अंडर 17 में लड़कों की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

इंडस पब्लिक स्कूल ने जींद ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें छठी से बारहवीं तक के छात्र और छात्राओं ने बाजी मारी। फेंसिंग प्रतियोगिता में अंडर 17 आयु वर्ग में लड़कियों ने दो रजत और चार कांस्य पदक, अंडर 17 लड़कों ने एक स्वर्ण पदक, अंडर 19 आयु वर्ग में लड़कियों ने एक स्वर्ण, दो रजत पदक, अंडर 19 लड़कों ने एक स्वर्ण, 2 रजत और चार कांस्य पदक जीते। साइकलिंग मास स्टार्ट अंडर 19 में कक्षा नौंवी से रौनक ने स्वर्ण पदक, शूटिंग प्रतियोगिता में अंडर 19 कक्षा ग्यारहवीं से साक्षी ने स्वर्ण पदक चैस प्रतियोगिता अंडर 17 में लड़कों की टीम ने प्रथम स्थान और लड़कियों ने अंडर 19 में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर 19 में लड़कियों की टीम प्रथम स्थान पर रही और लड़कों की टीम ने अंडर 14 और 19 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लॉन टेनिस प्रतियोगिता अंडर 14 लड़कों की टीम ने प्रथम स्थान किया। 100 मीटर रेस में अंडर 19 में कक्षा ग्यारहवीं से राहुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कराटे प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं से रजनीश और कक्षा आठवीं से कदम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता अंडर 17 में कक्षा बारहवीं से आर्यन ने 88 किलोग्राम में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इंडस स्कूल के पांच विद्यार्थियों का फटबाल परीक्षण के दौरान ब्लॉक स्तर पर चयन हुआ। इंडस स्कूल के लिए ये बड़े गर्व की बात है कि वालीबाल प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 और 19 में लड़कों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। नेटबाल प्रतियोगिता अंडर 17 में लड़कों की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बॉस्केटबॉल परीक्षण के दौरान दो छात्रों का ब्लॉक स्तर पर चयन हुआ। तैराकी में कक्षा ग्यारहवीं से चेतन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण ने कहा कि हमारा विद्यालय हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपना विशेष स्थान बना रहा है। उन्होंने अन्य बच्चों को भी प्रेरित करते कहा कि बढ़ती है। इसलिए आज के विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ खेलों में भी विशेष स्थान बनाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बच्चों में उत्साह जागृत करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेलों के माध्यम से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है एवं बच्चों के हुनर का पता चलता है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों के माध्यम से ही बच्चों के अंदर शारीरिक एवं मानसिक विकास उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां इंडस पब्लिक स्कूल के बच्चे पूरे आत्मविश्वास एवं योग्यता के साथ सम्मिलित न होते हों। स्कूल उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि खेलों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

# भारत विद्या मंदिर में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



भारत विद्या मन्दिर मिडल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया । अनेक विद्यार्थी स्कूल यूनिफार्म की बजाय श्रीकृष्ण, सुदामा, ग्वाला, कंस, राधा, रूक्मणी, मीरा आदि की वेशभूषा में स्कूल आए। इन्हें देखकर ऐसा लग रहा था मानो भारत विद्या मन्दिर ही गोकुल और मथुरा बन गया हो। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समूह नृत्य भी प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों को संबोधन में स्कूल के मुख्याध्यापक विनोद हसीजा ने कहा कि जन्माष्टमी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भी कहा जाता है। इसका शाब्दिक अर्थ है कृष्ण के जन्मदिन वाली अष्टमी। कृष्ण का जन्म भादो के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को हुआ था। उसी दिन से इस अष्टमी को कृष्ण जन्म अष्टमी के रूप में मनाया जाता है। द्वापर युग में मथुरा का राजा कंस बहुत ही अत्याचारी और दुराचारी था। जब वह अपनी बहन देवकी को उसके विवाह के बाद विदा करने जा रहा था। तभी आकाशवाणी हुई कि जिस बहन को तू विदा कर रहा है, उसकी आठवी संतान तुझे मारेगी। यह भविष्यवाणी सच साबित हुई। श्रीकृष्ण ने कंस वध किया। श्रीकृष्ण ने धरती से पापियों का नाश करके धर्म की स्थापना की थी। यह त्योहार रात को मनाया जाता है। सभी मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जाता है। इनमें श्रीकृष्ण जीवन की अनेक झाकियों को प्रस्तुत किया जाता है। इन झांकियों के माध्यम से कृष्णजी का पूरा जीवन लोगों की आंखों के सम्मुख झलक जाता है।

### ये रहे मौजूद

महाभारत के पुरुष पात्रों की वेशभूषा में प्रथम गोरांश कक्षा एलकेजी, द्वितीय युवान कक्षा तीसरी, तृतीय विराज कक्षा दूसरी, चतुर्थ केशव कक्षा नर्सरी, पंचम कुनाल कक्षा चोथी रहे। स्त्री पात्रों की वेशभूषा में प्रथम आयुशी कक्षा एलकेजी, द्वितीय गहना कक्षा प्रथम, तृतीय दिवयांशी मिश्रा कक्षा तीसरी, चतुर्थ अक्षिता कक्षा चौथी, पंचम अलिशा कक्षा यूकेजी एवं राधिका कक्षा प्रथम रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका अध्यापिका अन्नू और मोनिका ने अदा की।




जींद। जन्माष्टमी पर्व में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### जन्माष्टमी का भव्य आयोजन

जींद। मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्राथमिक विभाग की सैपलिंग शाखा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर प्रातः से ही भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा हुआ थाए जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजधज कर भाग लिया। लड़के जहां बाल गोपाल के रूप में पीताम्बर, मोर पंख मुकुट, बांसुरी और बनमाला धारण किए थे वहीं छोटी-छोटी बालिकाएं राधा के रूप में सुंदर लहंगे, चुनरी, गहनों और माखन की मटकी के साथ सजी हुई थी। बच्चों की मासूम अदाओं और मनमोहक मुस्कान ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की संपूर्ण देखरेख प्राथमिक विभाग की कोऑर्डिनेटर पूजा पसरीजा द्वारा की गई।

### हिंदू कन्या कालेज में देशभक्ति प्रतियोगिता हुई

जींद। आजादी के अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस की ७८वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हिंदू कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से देशभक्ति कविता एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और देशप्रेम की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना और उन्हें भारतीय संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों से जोडना था। प्रतियोगिता का संयोजन हिंदी विभागाध्यक्षा डा. सुषमा गर्ग द्वारा किया गया। जिन्होंने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और उसका सफल संचालन सुनिश्चित किया। सहसंयोजिका के रूप में पूनम सिंगरोहा ने प्रतियोगिता की तैयारी और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें उन वीर सपूतों के बलिदान की याद दिलाता है। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्र भारत का उपहार दिया। ऐसे आयोजन छात्राओं में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को और गहराई से जगाते हैं।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### पूर्व सैनिक चांदीराम को प्रदान किया आमंत्रण पत्र

उचाना। इस वर्ष सभी राजकीय विद्यालयों में वरिष्ठ सेवानिवृत्त सैनिकों के द्वारा 15 अगस्त को ध्वजारोहण किया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों के हेड समय रहते निमंत्रण पत्र प्रदान करेंगे। इस श्रृंखला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंगरा के प्राचार्य प्रवेश खापड़ा ने गांव के वरिष्ठ पूर्व सैनिक चांदीराम चहल को आमंत्रण पत्र प्रदान किया। 15 अगस्त को विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। मा. राम प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार आने वाली पीढ़ियों के सम्मुख देश के वीर सैनिकों की गाथाएं सुना कर बच्चों में देशभक्ति की भावना पैदा करना मुख्य उद्देश्य है। वरिष्ठ पूर्व सैनिक चांदीराम चहल १९६ * में सेना में भर्ती हुए। उनके द्वारा १९६५ और १९७१ के युद्ध में भाग लिया गया। इन युद्धों में उसे छह मेडल से नवाजा गया है। १५ अगस्त के दिन वीरगाथा को पूर्व सैनिक विद्यार्थियों से शेयर करेंगे। इस अवसर पर पूर्व एसएमसी प्रधान राजवीर सिंह बलवान सिंह मौजूद रहे।



भौंगरा गांव के पूर्व सैनिक चांदीराम चहल को निमंत्रण पत्र देते हुए।



उचाना। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### कपास मंडी में फुल ड्रेस रिहर्सल

उचाना। कपास मंडी में आयोजित उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में बतौर मुख्यअतिथि नायब तहसीलदार सुरेश कुमार द्वारा विभिन्न संस्थाओं की १० प्लॉटून का निरीक्षण किया। सुरेश ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य होता है इसलिए हम घरों की छतों पर गत वर्ष की भांति राष्ट्रीय ध्वज लगाएं। अगस्त का महीना शहीदों को याद करने का महीना होता है। शहीदों की शहादत को याद कर दिखाए मार्ग पर हमें चलना चाहिए। ओम इंटरनेशनल स्कूल द्वारा अनेकता में एकता, चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन द्वारा वतन आबाद रहे, राजकीय स्कूल काकड़ोद सौंगध मुझे इस मिट्टी की, कन्या गुरूकुल गुरूकुल खेड़ा द्वारा योगा डांस, सनातन धर्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंगलपुर हम भारत के है।

### राहुल लोकतंत्र को बदनाम कर रहेः अत्री

उचाना। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर जम कर हमला बोला। अत्री ने कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन देश विरोधी ताकतों के दवाब में लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। पहले देश को बदनाम किया और अब चुनाव आयोग को बदनाम कर रहे हैं। इतना ही नही सुप्रीम कोर्ट को बदनाम कियाए कैग को बदनाम किया, सेना के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया, सेना के शौर्य पर सवाल खड़े किए। ये लोग लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं वो संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैंए वो देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। विधायक ने कहा कि राहुल गांधी बार.बार झूठ बोल रहे हैं। पहले ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ बोला और जब सेना ने सारे तथ्य सामने रखे तो उनकी बोलती बंद हो गई। उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए कि ईवीएम के कारण वो चुनाव हारते हैं, सबूत मांगे तो सबूत नहीं दिए। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई तो राहुल गांधी रणछोड़दास हो गए। अब ईवीएम छोड़ दिया और एसआईआर पर आ गए हैं।



उचाना। कार्यकर्ताओं के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### नशे से दूर रहने का किया आह्वान

जींद। राजकीय कालेज में नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम कालेज के सभी स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों, एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों की सक्रिय भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शपथ ग्रहण समारोह से हुआ। जिसमें उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए शपथ ली। इसके पश्चात नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने नशा विरोधी संदेशों के साथ कालेज परिसर और आसपास के क्षेत्र में जन जागरूकता का संदेश फैलाया। प्राचार्य सत्यवान ने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि नशा बुद्धि को विकृत करता है, भावनाओं को शिथिल करता है और विवेक को धीरे.धीरे समाप्त कर देता है। युवाओं को समझना होगा कि थोड़े समय की उत्तेजना के लिए किया गया ये समझौता, जीवनभर बुद्धिए संवेदनाओं और अंतर्विवेक से वंचित कर देता है।



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलेवा में विजेता बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ।

### निबंध लेखन में प्राची द्वितीय

अलेवा। नगूरां के राजकीय माडल संस्कृति वामवि में आयोजित प्रतियोगिता में अलेवा गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा शानदार प्रदर्शन करने के चलते स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य बलजीत सिंह ने की। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य ने बताया कि 9वीं कक्षा की छात्रा नैन्सी ने क्वांटम युग की शुरूआत संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर आयोजित ब्लाक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कलस्टर लेवल पर डिबेट प्रतियोगिता में अंशु व गरिमा ने प्रथम, स्लोगन लेखन में मानसी ने प्रथम, कार्टून में गूंजन ने प्रथम, निबंध में प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा पोस्टर मेकिंग में संजीवनी व राधिका ने कमशः द्वितीय तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं से 12वीं ग्रुप में कीर्ति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा छह से आठ में स्वेता और ख़ेरसी ने क्रमशः द्वितीय व तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में प्राची ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित करते हुए।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निडाना में टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को डा. राहुल यादव, स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप सिंह व स्वास्थ्य कार्यकर्ता वीरेंद्र दलाल ने पोषण किट देकर उन्हें टीबी रोग से लडऩे में पोषण युक्त आहार सहायता वितरित की। डा. राहुल यादव ने बताया कि टीबी बीमारी किसी भी आयु वर्ग को हो सकती है। यह एक संक्रामक रोग है जो कि कीटाणु माइक्रोबैक्टीरियल ट्यूबरक्लोसिस से फैलता है। यह कीटाणु मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। इसके कारण फेफड़ों की टीबी होती है। कभी-कभी यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है। टीबी के संभावित मरीजों में मुख्य तौर पर दो सप्ताह से ज्यादा लगातार खांसी रहना, शाम के समय बुखार रहना, छाती में दर्द रहना, भूख न लगना, बलगम में खून आना और लगातार तेजी से वजन कम होना होता है। अगर इस तरह के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत बलगम की जांच करवानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच व ईलाज बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। डा. राहुल यादव ने जागरुक करते कहा है कि टीबी के मरीज को इलाज की पूरी अवधि के दौरान पौष्टिक आहार भत्ता भी दिया जाता है।



नरवाना। शपथ लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई

नरवाना। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना की कार्यकारी प्राचार्या डॉ नयनदीप की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कॉलेज की छात्राओंए प्राध्यापिकाओं और कर्मचारियों को शपथ दिलवाई गई। शपथ हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ कांता जागलान ने दिलवाई । इस अवसर पर कॉलेज की 150 छात्राएं और 20 प्रवक्ता उपस्थित रही। कार्यकारी प्राचार्या डॉ नयनदीप ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने नशे के दुष्प्रभाव और नशाखोरी की प्रवृति से बचने का संदेश अपने घरए परिवार अड़ोसए गांवए गली मुहल्ले में देकर इस अभियान को सफल बनाना है रेड क्रॉस प्रभारी डॉ अनिता छाबड़ा ने भी इस अवसर पर कहा कि नशा न सिर्फ तन को खोखला करता है बल्कि मन पर भी नकारात्मक असर होता है। कैंसर जैसी भयावह बीमारियां भी नशे के दुष्परिणाम है इस अवसर पर मधु शर्माए सुमन गर्गए रुक्मणि सैनीए सुदेशए मूर्ति जागलानए डॉ शालू गर्गए गीता बनवाला प्राध्यापिकाओं के साथ साथ छात्राएं भी उपस्थित रही।



जींद। परिचय सम्मेलन को लेकर चर्चा करते युवा। फोटो :हरिभूमि

### सम्मेलन के प्रचार-प्रसार को लेकर बनाई रणनीति

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज युवा विंग की एक बैठक गांधी नगर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान गौरव सिंगला और महासचिव लोकेश गर्ग ने की। बैठक में आगामी सात सितंबर को जींद में होने वाले विवाह योग्य युवक व युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महासचिव अंशुल, केशव, जतिन, कार्तिक गर्ग, अर्णवए पंकज गोयल, पंकेश गोयल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौरव सिंगला ने युवाओं से अपील की कि वे सम्मेलन के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं और अधिक से अधिक लोगों तक इस कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं का जोश और ऊर्जा समाज के किसी भी आयोजन को सफल बनाने में सबसे बड़ा योगदान है। बैठक में सोशल मीडिया, घर-घर संपर्क और पोस्टर, बैनर के माध्यम से प्रचार की योजना तैयार की गई। इस अवसर पर महासचिव लोकेश गर्ग ने भी कहा कि परिचय सम्मेलन समाज के विवाह योग्य युवक व युवतियों को एक मंच पर लाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

### गुरुद्वारे के पास खली जमीन में लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम का रखा प्रस्ताव

# बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सीएम को जींद की समस्याओं से अवगत करते नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी।

12 अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला में एचपीडब्ल्यूपीसी (शहरी स्थानीय निकाय) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे। इस दौरान जींद शहर के स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए डा. अनुराधा सैनी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अनेकों विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे। जिनमें मुख्य रूप से देवीलाल चौक से रोहतक रोड बाईपास तक की सड़क को बनाने और डिवाइडर के सौंदर्यीकरण के लिए डा. अनुराधा सैनी ने आमजन की समस्याओं को सीएम के सामने रखी। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि इस सड़क का निर्माण कई वर्ष पूर्व हुआ था लेकिन आज सड़क की स्तिथि काफी खराब है। इस सड़क में जगह जगह गड्ढे बने हुए हैं। जिस कारण अनेकों बार दुर्घटनाएं घट चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने मौके पर अधिकारियों को सड़क को बनाने आदेश दिए। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने जींद शहर में विकास कार्यों को लेकर गुरुद्वारा के पास खली पड़ी जमीन में लाइब्रेरी बनने और ऑडिटोरियम बनाने के लिए भी प्रस्ताव रखा। शहरी क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए और डोर टू डोर कूड़ा उठाने को लेकर की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक आधुनिक व प्रभावी बनाने पर जोर दिया। जिससे स्वच्छ हरियाणा सुंदर हरियाणा के लक्ष्य को और तीव्र गति से हासिल किया जा सके। इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल हरियाणा के परिवारजनों को बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध होंगे बल्कि साफ-सुथरे व आकर्षक वातावरण से उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने जींद शहर के पार्कों को लेकर मुख्यमंत्री को बताया कि जींद शहर में इन दिनों एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है और यह बदलाव पार्कों के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण के रूप में सामने आया है। पार्कों का नवीनीकरण केवल उनके बाहरी रूप को सुंदर बनाने तक सीमित नहीं था बल्कि इसके साथ ही वहाँ बेहतर सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। चेयरपर्सन ने बताया कि अब जींद के पार्कों में साफ.-सुथरे रास्ते, बेंच, खेल के मैदान, ओपन जिम, पगडंडी और टॉयलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### रामप्रताप गुप्ता ने सांसद से की शिष्टाचार भेंट

**कैथल ।** भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ने बताया कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय अरुण सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संबंध में उनसे महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक के दौरान कैथल जिले की राजनीतिक, सामाजिक एवं विकास संबंधी स्थितियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### सटोरिया काबू, 3570 रुपये नकदी बरामद

**कैथल।** एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत थाना शहर पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 3570 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई पीएसआई जोनी व एएसआई कर्ण सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली की महादेव कालोनी कैथल में मस्जिद के पास व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है।

### पूर्व राज्यपाल को राष्ट्रीय सम्मान न देने पर रोष

**पूंडरी ।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की बैठक गांव हजवाना में युवा जिला महासचिव बलिंदर अजवाना की अध्यक्षता में हुई। विक्रम कसाना ने पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ राजनेता सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक व्यक्त किया और केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार किया।

## जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

# छात्रों ने पीटी शो, डंबल, लेजियम, योग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी

**15 अगस्त को हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे ध्वजारोहण**




**कैथल ।** परेड करते पुलिस के जवान व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

15 अगस्त को पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बुधवार को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल हुई। इसमें डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। स्कूली बच्चों ने पीटी शो, डंबल, लेजियम, योगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। डीसी ने बताया कि 15 अगस्त को मुख्य समारोह में हरियाणा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के अंतिम पूर्वाभ्यास में डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी सहित जिले के आला अधिकारी निर्धारित समय पर पहुंचें। सबसे पहले एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद उन्होंने पुलिस के विशेष वाहन से एसपी आस्था मोदी के साथ परेड निरीक्षण किया गया। इसके बाद शानदार पुलिस सहित विभिन्न टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। एडीसी ने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा योगा की प्रस्तुति दी। इसके बाद परेड हुई। जिसमें जिला पुलिस पुरुष व महिला की टुकड़ी, होम गार्ड की प्लाटून, एनसीसी विंग, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की एसपीसीसी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की गर्ल्स गाइड, भीष्म ओपन स्काउट तथा प्रजातंत्र के प्रहरियों की प्लाटून ने सलामी मंच के आगे से गुजर कर शानदार मार्च पास्ट किया। समूची परेड का नेतृत्व डीएसपी ललित कुमार ने किया।स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किए गए अंतिम पूर्वाभ्यास के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों द्वारा समूह गान के अलावा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल व जाखौली अड्डा स्कूल, नर नारायण सेवा समिति द्वारा पढ़ाए जा रहे स्लम एरिया के बच्चों द्वारा, राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल, सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल, आरकेएसडी पब्लिक स्कूल, सुपार्श्व जैन पब्लिक स्कूलों की टीमों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ-साथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा व हॉली पथ स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी।

### ये रहे मौजूद

डीसी प्रीति ने विभिन्न स्कूलों की टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में दी जाने वाली सभी प्रस्तुतियां समारोह की गरिमा के अनुरूप हों। जो कुछ कमियां फाइनल अभ्यास में सामने आई हैं, उन्हें दूर करें। स्वतंत्रता दिवस समारोह हमारा राष्ट्रीय पर्व है, उसी गरिमा के अनुरूप हम सबको इसे मनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से जुड़ी जिम्मेदारी को लेकर ड्यूटी लगाएं। डीसी ने डंबल, पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाया और बेहतर ढंग से जिला स्तरीय समारोह में प्रस्तुति बारे निर्देशित किया। इस अवसर पर एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, एसडीएम अजय सिंह, सीटीएम गुरविंदर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी, खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार, रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल सहित जिले के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



**कैथल ।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा परेड का निरीक्षण करते।



**गुहला-चीका ।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

# अभ्यास-आपसी तालमेल बनाकर अपनी प्रस्तुति में निखार लेकर आएं

- अनाज मंडी चीका में स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस की फाईनल रिहर्सल का आयोजन अनाज मंडी में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, नायब तहसीलदार बंसी लाल व अन्य विभागों के अधिकारीगण ने शिरकत की। सभी कार्यक्रमों को देखने उपरांत एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में और अधिक अभ्यास करने के साथ-साथ आपसी तालमेल बनाते हुए अपनी प्रस्तुति में निखार लेकर आएं। जो कमियां आज फाईनल रिहर्सल में देखी गई, उनको सही किया जाए।

कार्यक्रम की शुरूआत में सबसे पहले नायब तहसीलदार बंसी लाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी के साथ निरीक्षण भी किया। विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा डंबल, लेजियम व पीटी शो का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य व वन्दे मातरम, ए वी विद्या मन्दिर चीका की छात्राओं द्वारा ग्रुप डांस, कोहिनूर इंटरनैशनल एकेडमी टटियाणा के बच्चों द्वारा गिद्दा व भंगड़ा, जेवियर इंटरनैशनल एकेडमी चीका तथा इंडियन हाईटस इंटरनेशनल स्कूल बदसूई की छात्राओं द्वारा देशभक्ति नृत्य, एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका की छात्राओं द्वारा कोरियोग्राफी, सरदार प्रीतम सिंह मैमोरियल स्कूल बदसूई की छात्राओं द्वारा भंगड़ा की प्रस्तुति दी गई। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न स्कूलों के अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# छात्राओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज, फतेहपुर-पूंडरी में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल, रेड क्रॉस सेल और एनएसएस सेल के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को नशीली दवाओं के विरुद्ध सामूहिक शपथ दिलाई गई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अमिता राणा ने कहा कि आज की आवाज कल का बदलाव बनेगी, युवाओं को दवाओं के साथ-साथ फोन के अत्यधिक उपयोग से भी बचना चाहिए, क्योंकि यह भी एक प्रकार का नशा बन चुका है। एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल की कंवेनर डॉ. वंदना ने छात्राओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलवाई। रेड क्रॉस अधिकारी किरणजोत और एनएसएस अधिकारी डॉ. सोनिया ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य बर्बाद कर देता है।



**पूंडरी।** नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ शपथ दिलाते डॉ वंदना। फोटो : हरिभूमि

# अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया

- जाट वमावि के विद्यार्थियों व एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हर घर तिरंगा अभियान के तहत जाट वमवि के एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने तिरंगा लहराकर रैली को रवाना किया। एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लहराते शहरवासियों को अपने-अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। 70 एनसीसी कैडेटस व 200 अन्य विद्यार्थियों ने शहर की गलियों में तिरंगा हमारी शान, देश की पहचान, हर घर तिरंगा, भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय जवान जय किसान जैसे नारे लगाकर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। शहरवासियों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके साथ नारे लगाए। रैली का उद्देश्य लोगों में देश के प्रति आदर, सम्मान और देशभक्ति की भावना पैदा करना था। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी मुनीश, एनएसएस अधिकारी पूनम व अन्य स्टाफ सदस्य अनीता, मीना व अनिल कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार, उप प्रधान बलजिंदर सिंह, महासचिव रश्मि, कोषाध्यक्ष बलकार व अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को व शहरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।




**कैथल ।** तिरंगा यात्रा निकालते जाट कालेज के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

### डीएवी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कार्यक्रम

**पूंडरी ।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूण्डरी में स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या साधना बख्शी ने की। इस उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों द्वारा श्री कृष्ण-राधा की वेशभुषा धारण कर भक्ति गीत व राष्ट्रभक्ति गीतों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत व भक्ति गीत, नृत्य, समूह नृत्य, एकल नृत्य, गायन, भाषण व कविता प्रस्तुत की। बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा-रानी एवं ग्वालों की वेशभूषा धारण कर सभी को भाव-विभौर कर दिया। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चों की छवि बड़ी ही मनमोहक लग रही थी। इस रंगारंग कार्यक्रम का सभी ने आनंद लिया। इस मौके प्राचार्या साधना बख्शी ने अपने संदेश में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और सभी के उत्तम स्वाथ्य की कामना की।

# तिरंगा देश की आत्मा और अस्मिता का प्रतीक

- श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना और विशेष दिवस सेलिब्रेशन कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में हुआ।

महाविद्यालय प्राचार्य सुनील गर्ग ने छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर /"भारत माता की जय/" के नारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ रैली निकाली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता ने छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज के स्वरूप और उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं को 'हर घर तिरंगा' अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके तहत, छात्राओं को तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी लेकर भेजने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भारतीय सेना के अद्भुत शौर्य और शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते एक पत्र भी लिखा। उन्होंने भारतीय सेना के साहस, पराक्रम और देश की सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। प्राचार्य सुनील गर्ग ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आत्मा और अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए हमेशा तैयार रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य डॉ. उपेंद्र, प्राध्यापिका शीला, कविता ,डॉ. राम जुवारी, सुरेश कुमार आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




**कलायत।** तिरंगा रैली को रवाना करते कॉलेज प्राचार्य सुनील गर्ग फोटो : हरिभूमि

# हनुमान वाटिका में आज नुक्कड़ नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त 2025 को हनुमान वाटिका में देशभक्ति की भावना से सराबोर नुक्कड़ नाटक होगा। इसमें डॉ. राजीव शर्मा और उनकी टीम हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक विशेष नुक्कड़ नाटक का मंचन करेंगे। यह आयोजन हरियाणा कला परिषद और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। इस नाटक को लेकर टीम द्वारा अभ्यास किया जा रहा है।

डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि नाटक का मंचन शाम चार बजे होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल लोगों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के महत्व से अवगत कराना है, बल्कि उन्हें इसे गर्व के साथ हर घर पर फहराने के लिए प्रेरित करना भी है। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि तिरंगा केवल कपड़े का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि यह देश की आजादी, बलिदान और एकता का जीवंत प्रतीक है। डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि नुक्कड़ नाटक में तिरंगे के तीन रंगों का महत्व भी बताया गया है। यह नाटक आमजन के बीच देशभक्ति की अलख जगाने के साथ-साथ बच्चों और युवाओं को यह समझाएगा कि तिरंगे का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता के लिए लोगों को प्रेरित करने हेतु, कलाकार दर्शकों से सीधा संवाद भी करेंगे।

### संशोधित योजना के दस्तावेज जमा करवाएं आवेदक

**कैथल ।** जिला कल्याण अधिकारी सीमा ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के तहत जिन आवेदकों द्वारा एक अगस्त, 2024 से 28 फरवरी, 2025 तक या जिन आवेदकों द्वारा वर्ष 2024 में दसवीं, बारहवीं या स्नातक कक्षा उत्तीर्ण की गई थी तथा सरल पोर्टल पर आवेदन किए थे, उन आवेदकों के आवेदन पत्रों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी की वजह से आवेदन पत्र वापस भेजे गए थे।

**सूचना**

मैं, बलबीर सिंह पुत्र दीदार सिंह निवासी 67/12, अपोलो रोड, जिला जींद, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमनदीप व पुत्रवधु रीना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

दुरभाष : 01746-260046

**कार्यालय मार्किट कमेटी, कलायत**

मार्किट कमेटी कलायत में पड़ने वाली सभी मण्डियों जिसमें अनाज मण्डी कलायत, सब यार्ड बालू, खरीद केन्द्र सांगन, बड़सीकरी खुर्द, सजूमा व कैलरम में सभी फसलों की झराई/सफाई के बाद शेष बचे घास/कुड़ा व झार (Residue) को ठेके के आधार पर नीलामी द्वारा बेचना चाहती है। ठेके की अवधि दिनांक 1-9-2025 से 31-08-2026 तक की होगी। इसकी नीलामी खुली बोली द्वारा दिनांक 28-8-2025 को बाद दोपहर 3-00 बजे कार्यालय मार्किट कमेटी, कलायत में की जाएगी सभी इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि व समय पर पहुंच कर मौके का लाभ उठाएं।

**मुख्य शर्तें :-**

1. ठेके की अवधि 1-9-2025 से 31-08-2026 तक होगी।
2. बोली दाता को बोली में भाग लेने से पहले मार्किट कमेटी, कलायत्त में रूपये 20,000/- (बीस हजार) बतौर धरोहर राशि नकद / बैंक ड्राफट द्वारा जमा करवानी होगी।
3. सफल बोली दाता को नीलामी समाप्त होते ही बोली की पूरी राशि तथा जमानत की राशि के रूप में रूपये 20,000/- मार्किट कमेटी कलायत के पास जमा करवाने होगें। मौके पर बोली की पूरी राशि व जमानत राशि जमा न कराने की सुरत में जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी। बाकी बोली दाताओं की धरोहर राशि निलामी समाप्त होने के पश्चात वापस कर दी जाएगी। जमानत की राशि दिनांक 31-08-2026 के बाद बिना ब्याज वापिस की जाएगी ।
4. मण्डी में से सभी कबाड़ा (Residue) प्रतिदिन उठाना होगा जिसका निरक्षण मार्किट कमेटी के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा रोजाना किया जाएगा। कार्य ठीक न होने पर 2000/- रूपये जुर्माना किया जा सकता है जो उसकी जमानत राशि में से काट लिया जाएगा।
5. कबाड़ा उठाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली, झोटा बुग्गी, झाड़ू, कस्सी आदि का प्रबन्ध ठेकेदार को स्वयं करना होगा वह मण्डी के किसी स्थान पर कबाड़ा का ढेर नहीं लगाएगा बल्कि मण्डी से बहार ढेर करना होगा इसके लिए स्थान का प्रबन्ध भी ठेकेदार का होगा।
6. इस नीलामी की राशि पर यदि GST, आयकर जमा करवाना पड़ा तो वह भी ठेकेदार को स्वयं वहन करना पड़ेगा।
7. बोली स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मार्किट कमेटी, कलायत के पास बिना कारण बताए होगा।
8. अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जायेंगी ।

**अरविन्द कुमार श्योकन्द**
सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी
मार्किट कमेटी, कलायत (कैथल)

**अजय हुड्डा HCS**
प्रशासक
मार्किट कमेटी, कलायत (कैथल)

## जागरण कार्यक्रम में सती की महिमा का किया गुणगान

# गांव करोडा में दादी सती मंदिर में लगा मेला

- दादी सती स्थल पर प्रति वर्ष भादव कृष्ण पक्ष पंचमी को किया जाता है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाई

करोडा गांव में दादी सती स्थल पर मेले, हवन तथा भंडारा आयोजित किया गया। दादी सती ट्रस्ट के प्रधान सत्यवान व मंदिर के पुजारी विनोद शर्मा ने बताया कि दादी सती स्थल पर प्रति वर्ष भादव कृष्ण पक्ष पंचमी को मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि इस स्थल पर लगभग 10 से 15 हजार की संख्या में ग्रामवासी व आसपास के गांव के लोगों भंडारे का प्रसाद लेते है और अपनी मांग मांगते है। उन्होंने बताया कि यहां पर सच्चे दिल से मांगी सारी मुरादें पुरी होती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात्रि को विशाल जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें दादी सती का गुणगान गायक रामधन ने किया और सुबह हवन, भंडारे व मेले का आयोजन किया गया। हवन व भंडारे में सत्यवान, जगदीश, महिपाल, दिलबाग, संजीव, मोहन, पप्पू, रामनाथ, गंगाराम, कर्म सिंह, जोगी राम, भानू राम, रतन राम, चुडिया राम, हरिचंद, माया राम, नानू राम, रोशन लाल आदि अनेक गणमान्य ग्रामीणों ने भाग लिया।



**पाई।** करोडा गांव में दादी सती स्थल पर मेले में पहुंचे श्रद्धालु फोटो : हरिभूमि

### हजारो लोग आते है पूजा करने

उसके कहने पर उसके परिवार व उसके गांव वाले उस जंगल में आये, जहां पर उस युवती ने बताया था। उन्होंने आकर देखा कि उसके पति का शव वहां पर पड़ा हुआ है। इस पर उस युवती ने अपने पति के साथ चिता में जलने का निर्णय लिया। जिससे वह सती बन गई। उन्होंने बताया की करोड़ा गांव का रहने वाला यदि कितनी भी दुर हो तो भादव कृष्ण पक्ष की पंचमी को वह सती दादी के मन्दिर में जरूर पूजा करने आता है।

### कौन थी सती

ग्रामीणों ने बताया की कई सदियों पूर्व करोड़ा गांव के जाट समुदाय के एक युवक का रिश्ता बिठमड़ा गांव की कन्या से हुआ था। यह युवक पास के ही जंगल में भैंसें चराने के लिये गया हुआ था, तो उसको सांप ने काट लिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। युवती अपने गांव में थी और रात को उसको सपने में दिखाई दिया की उसके पति की जंगल में सांप के काटने से मृत्यु हो गई है।

## खबर संक्षेप

### आज शहर में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 14 अगस्त को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने के साथ साथ स्वयं इसमें भाग लेंगे। यह यात्रा शाम पांच बजे कमेटी चौक से शुरू होगी और पेहवा चौक पर इसका समापन होगा। उन्होंने सभी सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं से आह्वान किया कि वे इस तिरंगा यात्रा में सक्रियता से भाग लें।

### सांसद नवीन जिंदल फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**गुहला-चीका।** एसडीएम प्रमेश सिंह ने कहा कि 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस चीका अनाज मंडी में मनाया जाएगा। उपमंडल कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल शिरकत करेंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। यह कार्यक्रम भव्य और गरिमा पूर्वक मनाया जाएगा, इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी अपनी-अपनी तैयारियां पूरी रखें, जहां कहीं कमी नजर आई है, उन्हें समय पर दुरूस्त कर लें। एसडीएम प्रमेश सिंह बुधवार को अपने कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी जिम्मेदारी से कार्य करें, कहीं भी लापरवाही न बरती जाए।

### कार चोरी के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

**कैथल।** एक स्विफ्ट गाड़ी चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई बिजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी शीतल नगर रोहतक निवासी नीरज को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि माडल टाऊन कैथल निवासी अंकुर मित्तल की शिकायत अनुसार 2 जनवरी 2024 की रात को उसने उसकी स्विफ्ट गाड़ी को घर के सामने खड़ी की थी। जो उसने 2 बजे अपनी गाड़ी को संभाला तो वहां गाड़ी नहीं मिली, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। सीआईए-1 पुलिस द्वारा उक्त मामले में पहले ही 3 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### देशी कट्टे सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन सप्लाई करने वालो पर शिकंजा कसते हुए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट के एचसी हरीश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सेरधा निवासी राजु को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 जून को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस टीम द्वारा गांव पाई से भाणा सड़क नहर पुल पर दबिश देकर आरोपी गांव सेरधा निवासी अनिकेत को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से .32 बोर का अवैध देशी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ था। थाना पूंडरी में दर्ज मामले की आगामी जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एचसी हरीश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी अनिकेत से पूछताछ उपरांत खुलासा हुआ था

---

### फाइनल रिहर्सल में एडीसी ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

# पुलिस लाइन में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल

- स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा फहराएंगी राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद







जींद। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर फुल ड्रेस में रिहर्सल करते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने स्थानीय पुलिस लाइन में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, भव्य परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। एडीसी ने विभिन्न परेड की टुकडियों के प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फाइनल अवलोकन किया तथा जरूरी निर्देश भी दिए। एएसपी सोनाक्षी सिंह भी मौजूद रही। एडीसी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्च पास्ट का बुधवार को फाइनल फुल ड्रैस अभ्यास पुलिस लाइन मैदान में किया गया। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता समारोह 15 अगस्त को राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगी और मार्च पास्ट की सलामी लेगी। इससे पहले राज्य सभा सांसद गोहाना रोड स्थित शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जिला के स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में परेड का नेतृत्व डीएसपी संदीप कर रहे है। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों विद्यार्थियों द्वारा मास पीटी एवं डम्बल की भी बेहतर प्रस्तुति दी जाएगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रमों में डीएन मॉडल स्कूल, हर्ष इंटरनेशनल स्कूल रामराये, यदुवंशी शिक्षा निकेतन, मोतीलाल पब्लिक स्कूल तथा डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसके अलावा सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

**समारोह में बढ चढकर भाग लेने का आह्वान**

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने जिला वासियों से आह्वान किया कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बढ़चढ़कर भाग लें और शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित करें। 15 अगस्त का दिन हम सभी के लिए गर्व और गौरव का दिन है। इस दिन आजादी का महोत्सव हम सभी मिलकर प्रसन्ता एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाते है और शहीदों को नमन करते है। कार्यक्रम में एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान, सीईओ जिला परिषद अनिल दून, नगराधीश मोनिका रानी, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---



नरवाना। फुल ड्रेस रिहर्सल में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल मेला मंडी में सम्पन्न

- उपमंडल कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा करेंगी ध्वजारोहण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए अन्तिम फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। तहसीलदार निखिल सिंगला ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। बीईओ राजेन्द्र आजाद विशेष रूप से मौजूद रहे। गौरतलब है कि 15 अगस्त को उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रानी रंधावा ध्वजारोहण करेंगी व परेड की सलामी लेंगे। तहसीलदार ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत हर वर्ष की भांति प्रातः 9रू00 बजे ध्वजारोहण के साथ होगी। फाइनल रिहर्सल में परेड कमांडर पीएसआई बलवान सिंह के नेतृत्व में परेड की विभिन्न टुकडियों ने मार्च पास्ट किया।

परेड में पीएसआई गुरमीत सिंह प्लाटून कमांडर के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस सशस्त्र बल के एम कॉलेज नरवाना एनसीसी लड़कियां और लड़के कैडेट्स जिनकी अगुवाई कुमारी ज्योति व सार्जेंट राहुल ने कीए इसी प्रकार एसडी कन्या कॉलेज की एनसीसी टुकड़ी का नेतृत्व अंडर आफिसर कुमारी निर्मल, आईटीआई एनसीसी टुकड़ी ने भी भाग लिया जिनका नेतृत्व रिंकू व ज्ञान सागर आईटीआई नरवाना एनसीसी का नेतृत्व सार्जेंट अमित इत्यादि ने किया।

**दिए निर्देश**

तहसीलदार निखिल सिंगला ने प्रतिभागी टीमों के इंचार्जो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक प्रस्तुति गरिमा पूर्ण तरीके से हो इसके लिए प्रस्तुति का उद्धेश्य देशभक्तिए सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों से परिपूर्ण होना चाहिए। आदर्श बाल विद्या मंदिर नरवाना के छात्र.छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम को समापन किया गया। रिहर्सल के दौरान एसएमओ डॉक्टर देवेंद्र बिंदलिशए सचिव मार्केट कमेटी पूजा रत्वयए एसएचओ शहर थाना ईश्वर सिंहए जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नवीन मुंडेए प्रोफेसर सुरेंद्र सिंहए मास्टर नरेश कुमारए सभी टीमों के इंचार्ज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

## स्कूल में छात्रों को किया जागरूक

- राष्ट्रीय ध्वज, मौलिक अधिकार व कर्तव्यों की दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका



गुहला चीका। अधिवक्ता सुखचैन सिंह कानूनी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

उप मंडल न्यायिक दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष, उप मंडल विधिक सेवा प्राधिकरण समिति, गुहला द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और स्नेह की भावना उत्पन्न करना, साथ ही उन्हें मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

पैनल अधिवक्ता सुखचैन सिंह और पी.एल.वी. मैडम मुस्कान ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का एक ध्वज होता है, जो उसकी पहचान और गौरव का प्रतीक होता है। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के साथ-साथ विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों, जैसे शोषण से मुक्ति का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने यातायात नियमों के पालन और नशे के दुष्परिणामों पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। मैडम मुस्कान ने शिक्षा के अधिकार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।

## व्यक्ति व परिवार को बर्बाद करता है नशा

**अलेवा।** राजकीय कॉलेज अलेवा में प्राचार्या सुनिता दुग्गल की अध्यक्षता में नशा विरोधी सेल के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान आफ लाइन और ऑनलाइन शपथ समारोह हुआ। प्रभारी डा. मधुबाला ने स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। 190 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डा. मधुबाला ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा समाज में बुराई के रूप में पैर फैला चुका है। इसे खत्म करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। नशे की आदत न केवल उस व्यक्ति को बर्बाद करती है, बल्कि परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करती है। नशाखोरी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

## जींद की 20 बसें जाएंगी फरीदाबाद

- विभाजन विभीषिका दिवस पर होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बस का इंतजार करते हुए यात्री। फोटो : हरिभूमि

फरीदाबाद में गुरूवार को प्रदेशस्तरीय विभाजन विभीषिका कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए प्रदेशभर से रोडवेज की 470 बसें जाएंगी। परिवहन विभाग के निदेशक ने सभी रोडवेज महाप्रबंधकों को पत्र जारी कर बसों की व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं। चलते गुरूवार को यात्रियों को सुविधा का सामना करना पड़ सकता है। प्रत्येक डिपो से बसों के अलावा प्राइवेट वाहन फरीदाबाद जाएंगे।विभाजन विभीषिका कार्यक्रम आयोजन समिति के प्रदेश संयोजक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि देश के विभाजन की जिम्मेदार कांग्रेस है और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन करवाया। पीएम मोदी ने हमें अपने पूर्वजों को याद करने का अवसर दिया है। वीरवार को होने वाले कार्यक्रम में सीएम नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में विभाजन के समय पाकिस्तान से आए परिवारों के लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। यात्रियों को होगी सकती है असुविधा फरीदाबाद में कार्यक्रम में रोडवेज की बसें जाने के बाद यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

---

### अनाज मंडी में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में दिखा देशभक्ति का रंग



**जींद।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उपमंडल स्तर पर भव्य व गरिमा पूर्ण ढंग के साथ मनाया जाएगा। सफीदों अनाज मंडी में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और ध्वजारोहण किया। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 15 अगस्त को विधायक रामकुमार गौतम ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेगें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे गर्व व गौरव का दिन हैं। इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारियों के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भी साफ. स्वच्छ वेशभूषा में कार्यक्रम स्थल पर समय से पहुंचे। अंतिम अभ्यास के दौरान हमें अपनी कमियों का पता चल जाता है।

## किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

- लघु सचिवालय में प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मांगों को लेकर रोष जताते हुए किसान व मजदूर नेता। फोटो : हरिभूमि

किसान व मजदूरों ने कैथल रोड बाईपास से लघु सचिवालय पर ट्रैक्टर, मोटर साईकिल, कार मार्च निकाला कर राष्ट्रपति के नाम व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सत्यवान मान को ज्ञापन दिया गया। जिसमें किसान, मजदूर व कर्मचारियों ने सचिवालय पर रोष प्रदर्शन किया। रमेश चंद्र, बारू राम, संजीव ढांडा, प्रताप नंबरदार, बिंद्र नंबरदार, राजेंद्र पहलवान, जयबीर राजपुरा भैण, फूलसिंह श्योकंद और रमेश कंडेला ने किया। सुरेश राठी, किसान नेता फूल सिंह श्योकंद, गुरुबचन दिल्लूवाला, राजेंद्र, छज्जू कंडेला, धर्मपाल नगूरां, सुदेश नगूरां ने प्रदर्शन के दौरान कॉर्पोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ पुतला दहन किया। किसान नेताओं ने कहा कि भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा थौंपे गए 25 प्रतिशत टैरिफ को भारत की संप्रभुता पर हमला मानता है और इसका कड़ा विरोध करता है। नवंबर 2024 में घोषित नेशनल पॉलिसी फ्रे मवर्क ऑन एग्रीकल्चरल मार्केटिंग का उद्देश्य मंडियों, सरकारी मार्केट यार्डों का निजी पूंजी के साथ पीपीपी मोड में आधुनिकीकरण करना है। इसमें अनाज की हैंडलिंग, भंडारण और फूड प्रोसेसिंग का मशीनीकरण शामिल है।

### डीबीके स्कूल में सीबीएसई ज़ोन-2 हॉकी टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ



**नरवाना।** नरवाना में पहली बार सीबीएसई स्कूलों के लिए आयोजित सीबीएसई ज़ोन.2 हॉकी चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन डीबीके पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि युवा नेता करण प्रताप सिंह और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी प्रदीप मोर ने शुभारंभ किया। विशेष अतिथि दिवान बलकृष्ण चेयरमैन दिवान शिक्षा समिति भी उपस्थित रहे। जम्मू.कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब और चंडीगढ़ से आए लड़कों व लड़कियों की 50 टीमों ने भाग लिया। मैच नवदीप स्टेडियम के आधुनिक एस्ट्रो टर्फ कोर्ट पर खेले जाएंगे। मुख्य अतिथि करण प्रताप सिंह ने कहाए डीबीके ग्रुप ऑफ स्कूल्स नरवाना की पहचान बदल रहा है और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर का अनुभव दे रहा है। प्रदीप मोर ने कहा कि खेल को करियर के रूप में अपनाने की जागरूकता युवाओं में लगातार बढ़ रही है।

---

## अनुबंधित कर्मचारियों ने सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** बैठक की जानकारी देते अनुबंधित विद्युत कर्मचारी।

कलायत सब-डिवीजन में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ से संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा लागू किए गए अनुबंध एक्ट 2024 के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया।

संघ के सदस्यों ने इस एक्ट को अनुबंधित कर्मचारियों के भविष्य के लिए एक बड़ा कदम बताया। बैठक में सभी अनुबंधित कर्मचारियों के फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई, ताकि सभी को इस नए एक्ट का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। कर्मचारियों का मानना है कि यह एक्ट उनके रोजगार को और अधिक सुरक्षित बनाएगा। इस अवसर पर, अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) के नेतृत्व की भी प्रशंसा की गई। कर्मचारियों ने कहा कि संघ के अथक प्रयासों और मार्गदर्शन के कारण ही यह उपलब्धि हासिल हो पाई है।

**आयोजन** जिला प्रशास ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को किया सम्मानित

अभियानों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करती हैं जिले की विभिन्न संस्थाएं

# जनहित व प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में प्रशासन के साथ कदमताल कर रही संस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि जिला कैथल की सभी सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं स्वैच्छिक संस्थाएं सामाजिक, जनहित कार्यो एवं प्राकृतिक आपदाओं आदि से निपटने के लिए जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर बेहतरीन कार्य कर रही है। जिला प्रशासन कैथल इनका आभारी है। विभिन्न अभियानो मे जिला प्रशासन के साथ मिलकर बढचढ कर भाग लेती है।



डीसी प्रीति बुधवार ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के दृष्टिगत उन्हें सम्मानित करने के दौरान बोल रही थी। डीसी ने कहा कि समाजसेवी संस्थाओ द्वारा रक्तदान शिविर, गरीब एवं असहाय व्यक्तियों की मदद करना, नशा मुक्ति शिविर, टीबी के प्रति सजग रहना, स्वास्थ्य आदि शिविरों का आयोजन किया जाता है।

**जिला रेडक्रॉस सचिव ने संस्थाओं को दी बधाई**

जिला रेडक्रॉस सचिव रामजीलाल ने कहा कि जिला कैथल की सभी स्वैच्छिक सामाजिक संस्थाओं का सहयोग समय-समय पर जिला रेडक्रास सोसायटी कैथल को प्राप्त होता है। बुधवार को उत्कृष्ट कार्यो में सहयोग देने के लिए सम्मानित किए जाने वाली संस्थानों में सेवा संघ, श्री गीता भवन मन्दिर, पंजाबी सेवा सदन, लायन्स क्लब सेंट्रल, जीवन रक्षक दल, कैथल साइकिल क्लब, राधा स्वामी सत्संग व्यास, श्री श्याम रसोई, श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति, सिरायकी परिवार, रोटरी क्लब, डेरा सच्चा सौदा शाखा कैथल, गुरू नानक रसोई, गुरुद्वारा नीम साहिब ,बर्फानी सेवा मण्डल, नर नारायण सेवा समिति, ओम शांति ब्रहम कुमारी ,अग्रवाल सभा, पंजाबी वेल्फेयर सभा, नोबल बल्ड बैंक, कैमिस्ट एसोसिएशन, गोपाल भटट, हरियाणा रक्तदान कमेटी सदस्य एवं समाजसेवी, अखिल भारतीय मानव सेवा समिति ,हिन्दु महासंघ कैथल, रेल कल्याण समिति , नरेश ढुल एडवोकेट, कैथल राईस मिल्ज एसोसिएशन , सनातन धर्म मन्दिर एवं बाल उपवन आश्रम, होली पथ स्कूल, चाइल्ड वेल्फेयर कमेटी, माईल स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल, सन राईज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शिव शंकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कसान, डिफेंस पब्लिक स्कूल क्योडक, राधा कृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल, ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल क्योड़क, एमडीएन स्कूल कलायत शामिल हुए।